an>

Title: Need to establish ultra Mega Power Project in Gausganj in Hardoi district in Mishrikh Parliamentary Constituency.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : सभापति महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मैं आपके माध्यम से माननीय ऊर्जा मंत्री जी का ध्यान उत्तर प्रदेश की ओर आकृÂष्ट करना चाहती हूं, जहां की आबादी लगभग 21 करोड़ है। उत्तर प्रदेश की सरकारों द्वारा 18 से 20 घंटे बिजली देने की घोÂषणा की जाती है, लेकिन वहां मात्र चार घंटे ही बिजली आती है। जिससे किसान भी बेहाल हैं, क्योंकि इतनी कम बिजली से खेतों में पानी भी नहीं लग पाता है। मेरा लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख है, जिसकी दशा और भी ज्यादा दयनीय है। आज के समय में बिजली हमारी सबसे बड़ी आवश्यकता है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों को बिजली न मिल पाने के कारण क्षेत्रों के विकास एवं रोजगार में बाधा उत्पन्न होती है।

अतः क्षेत्र में बिजली की आवश्यकता को पूरा करने के लिए तथा क्षेत्र के विकास एंव रोजगार सृजन हेतु मेरा ऊर्जा मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख के अंतर्गत कस्बा गौसगंज, तहसील संडीला जनपद हरदोई के पास जो लखनऊ से 70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, वहां एक अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजैक्ट की स्थापना की जाए। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: S/Shri

Sharad Tripathi,

Jagdambika Pal and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Anju Bala.